भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1886

दिनांक 04 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एनएफएचएस-6 में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य आंकड़ों का गायब होना

1886 श्रीमती राजाथी:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) हाल ही में प्रकाशित राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के छठे संस्करण से मृत्यु दर, जन्म के समय लिंग अनुपात, रक्ताल्पता की व्यापकता और किशोरावस्था में गर्भधारण सहित महत्वपूर्ण आंकड़ों को हटाए जाने के क्या कारण हैं;

(ख) उन संकेतकों की विस्तृत सूची क्या है जो एनएफएचएस 5 में शामिल थे लेकिन एनएफएचएस 6 में शामिल नहीं किए गए हैं; और

(ग) हटाए गए इन संकेतकों से संबंधित अद्यतन आधिकारिक आंकड़ों के अभाव की स्थिति से निपटने के लिए कौन-कौन से विशिष्ट उपाय किए गए हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ग): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय एक एकीकृत सर्वेक्षण आयोजित करता है जिसे राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) कहा जाता है। यह सर्वेक्षण स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा संबंधित क्षेत्रों जैसे जनसंख्या की विशेषताएँ; प्रजनन और प्रजनन प्राथमिकताएँ; परिवार नियोजन; मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य; पोषण; मृत्यु दर और स्वास्थ्य देखभाल; महिला सशक्तिकरण आदि से संबंधित डेटा प्रदान करता है। एनएफएचएस के छठे दौर (2023-24) के राष्ट्रीय और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र से संबंधित फैक्ट-शीट दिनांक 29.05.2026 को जारी किए गए।

एनएफएचएस-6 के राष्ट्रीय और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र फैक्ट-शीट में शामिल किए जाने वाले संकेतकों को, एनएफएचएस-6 के लिए गठित तकनीकी सलाहकार समिति (टीएसी) की सिफारिशों पर अंतिम रूप दिया गया। इस समिति में पेयजल और स्वच्छता विभाग (डीडीडब्ल्यूएस), महिला और बाल विकास मंत्रालय

(एमओडब्ल्यूसीडी), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई), भारत के महारजिस्ट्रार और जनगणना आयुक्त का कार्यालय(ओआरजीआई), नीति आयोग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) आदि सहित संबंधित मंत्रालयों/विभागों के प्रतिनिधि होते हैं।

तकनीकी सलाहकार समिति ने भारत सरकार की डेटा समन्वय पहलों के अनुरूप फैक्ट-शीट के लिए संकेतकों की सूची को अंतिम रूप देने की सिफारिश की, ताकि विभिन्न आधिकारिक डेटा स्रोतों में उपलब्ध खंडित और असमन्वित डेटा से उत्पन्न होने वाली विसंगतियों से बचा जा सके। टीएसी ने आगे यह भी सुझाव दिया कि फैक्ट -शीट का उद्देश्य केवल प्रमुख संकेतकों, विशेष रूप से स्वास्थ्य और परिवार कल्याण से संबंधित, को प्रस्तुत करना है ताकि सर्वेक्षण के मुख्य निष्कर्षों को बेहतर ढंग से प्रस्तुत किया जा सके।

इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने उचित विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया कि रक्ताल्पता के प्रसार के आंकड़े भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा स्वर्ण मानक इंट्रावीनस विधि से हेमोग्लोबिन परीक्षण के लिए किए गए स्वतंत्र सर्वेक्षण से प्राप्त किए जाएँ।

एनएफएचएस-6 (2023-24) और एनएफएचएस-5 (2019-21) की राष्ट्रीय और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र फैक्ट-शीट, साथ ही उनमें शामिल संकेतक, निम्नलिखित वेबसाइट पर उपलब्ध हैं

https://www.nfhsiips.in/nfhsuser/index.php

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत, भारत सरकार मातृ, शिशु और पोषण स्वास्थ्य की विभिन्न योजनाओं की निगरानी और कार्यान्वयन का आकलन आवधिक क्षेत्रीय/राज्य स्तरीय समीक्षा बैठकें आयोजित करके, विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में फील्ड दौरे करके तथा विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से करती है।

****